आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 09.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- केंद्र सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलैस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेगी।
- राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने सभी जिलों में आपदा पूर्व तैयारियों और संसाधनों को सुदृढ़ करने पर दिया जोर।
- कोटद्वार स्थित गब्बर सिंह कैंप में 15 से 30 जनवरी तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।

प्रभावी कार्रवाई

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले स्थानों से आवारा कुत्तों और गोवंश को लेकर ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।

सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को क्षेत्रवार नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा कुत्तों और गोवंश को लेकर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि संवेदनशील और जोखिम वाले स्थानों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मुख्य सचिव ने आवारा गोवंश के संरक्षण के लिए कांजीहाउस तैयार करने और उनके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के सहयोग से आवारा पशुओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने आम जनता को आवारा पशुओं को गोद लेने के लिए प्रेरित करने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर भी बल दिया।

कैशलेस चिकित्सा उपचार

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। श्री गडकरी ने आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी पायलट परियोजना हाल ही में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

नाम परिवर्तन

पौड़ी ज़िले के डोभ श्रीकोट स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज का नाम बदलकर अब 'स्व. अंकिता भंडारी राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट)' कर दिया गया है। इस संबंध में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार द्वारा रखी गई मांगों पर विधि–सम्मत, निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की जा रही है और उन्हें न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में अंकिता भंडारी के माता–पिता से मुलाकात कर भी यह भरोसा दोहराया था कि सरकार हर स्तर पर उनके साथ है और उनकी मांगों पर शीघ्र व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पैरा तैराकी चैंपियनशिप

आईआईटी रुड़की के पैरा एथलीट सौरव कुमार, इटली में मार्च में होने वाली विश्व पैरा तैराकी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सौरव कुमार आईआईटी रुड़की से बी.टेक. स्नातक हैं और तैराकी के साथ–साथ संस्थान के स्नूकर चैम्पियन भी रह चुके हैं। वे आईआईटी रुड़की के टाइड्स केंद्र से जुड़े आईरिस इको–टेक स्टार्ट–अप के सह–संस्थापक भी हैं, जहां कृत्रिम पैर प्रौद्योगिकी पर कार्य किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

सौरव का पैरा खेलों से जुड़ाव वर्ष 2024 में शुरू हुआ। प्रेरणा मिलने के बाद उन्होंने तैराकी को अपनाया और मात्र तीन महीनों में राज्य स्तर पर दो रजत पदक हासिल किए। इसके बाद 2024 की राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में उन्होंने शीर्ष दस में स्थान बनाया। सितंबर 2025 में उन्होंने राज्य स्तर पर दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि नवंबर 2025 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त किया।

इन उपलब्धियों के आधार पर उनका चयन इस साल 12 मार्च को इटली में होने वाली विश्व पैरा तैराकी चैंपियनशिप श्रृंखला के लिए किया गया है। नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2025 के व्यावसायिक विकास एवं नवाचार पुरस्कार और हरि कृष्ण मित्तल नेतृत्व पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। आकाशवाणी समाचार, देहरादून

संवाद

कुमाऊं विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के पीएचडी शोधार्थियों और शोध सहयोगियों के साथ खुला संवाद किया। इस संवाद में संकाय सदस्यों को शामिल नहीं किया गया, जिससे शोधार्थियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव खुलकर रखे।

संवाद के दौरान शोधार्थियों ने पेयजल की नियमित उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति में बाधा, वाईफाई कनेक्टिविटी, शोध सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण की आवश्यकता और फैलोशिप में हो रही देरी जैसे मुद्दों को सामने रखा। कुलपति ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और शोध से जुड़ी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

कुलपति ने शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध, अकादमिक अनुशासन और नैतिक शोध आचरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्कोपस सूचीबद्ध जर्नलों में शोध प्रकाशन को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया और कहा कि शोध–अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## राज्य आपदा प्रबंधन

राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सभी तेरह ज़िलो के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान श्री रूहेला ने फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों की समस्याओं, चुनौतियों और व्यावहारिक कठिनाइयों को गंभीरता से सुना और इन पर समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में आपदा पूर्व तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता, मानव संसाधनों के प्रशिक्षण, संचार व्यवस्था और विभागों के बीच समन्वय को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जाए। साथ ही आपदा के समय त्वरित रिपोर्टिंग और मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन पर भी जोर दिया गया।

## अग्निवीर रैली

कोटद्वार स्थित गब्बर सिंह कैंप में 15 से 30 जनवरी तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली ज़िलों के युवा प्रतिभाग करेंगे।

भर्ती रैली को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में भर्ती स्थल पर यातायात प्रबंधन, अभ्यर्थियों की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और ठहराव से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने भर्ती में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी ऑर्डर साथ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती स्थल तक पहुंचने के लिए स्पष्ट रूट तय किए जाएं और उनकी जानकारी प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। परिवहन विभाग को बस अड्डों और टैक्सी स्टैंड से भर्ती स्थल तक पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था करने और शुल्क निर्धारित करने के निर्देश भी दिए गए।

समीक्षा/निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून ज़िले के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नवाचार, आपसी समन्वय और समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार रजिस्टर सहित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सघन सत्यापन पर जोर देते हुए अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों से जुड़े निर्माण कार्यों के दौरान बिजली, पानी और गैस जैसी भूमिगत लाइनों के काम आपसी समन्वय से तय समय में पूरे किए जाएं। उन्होंने सभी विभागों को वर्षभर में प्रस्तावित कार्यों की सूची बनाकर उसी के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए। देहरादून के जिलाधिकारी से कहा गया कि ठोस कार्ययोजना और समय निर्धारण के बाद ही कार्यों को अनुमति दी जाए तथा आंतरिक सड़कों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, बिजली बिल और अन्य दस्तावेजों के नियमित सत्यापन के निर्देश देते हुए कहा कि गलत तरीके से बनाए गए दस्तावेज निरस्त किए जाएं और फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को निरंतर जारी रखने पर भी जोर दिया।

एक नजर आज की समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

आज के समाचार पत्रों ने अलग—अलग ख़बरों को अपनी सुर्खी बनाया है।

धरना प्रदर्शन कर विकास कार्यों को बाधित करने वाले मांगें जनता से  माफी। इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है— पिछले दस से 15 दिनों में धरना प्रदर्शनों के चलते काफी समय बर्बाद हुआ, राज्य की कई विकास योजनाओं के कार्य बाधित हुए।

नवोदय टाइम्स सांसद नरेश बंसल के हवाले से एक ख़बर का शीर्षक देता है— पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के न दिया जाए पेट्रोल।

पर्यटन सचिव धीराज गर्बयाल के हवाले से दैनिक जागरण की सुर्खी है—  टास्क फोस समिति हर जिले में अब दो ग्रामीण पर्यटन गांवों का करेगी चयन ।